The Pioneer (Delhi & Lucknow)

EDII

05 December, 2021

चीन में कारखाने बंद होने की वजह से पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाएं उद्यमी

अहमदाबाद (भाषा)। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नारायण राणे ने शनिवार को भारतीय उद्यमियों से चीन में कारखाने बंद होने की वजह से पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने यहां भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) में एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय उद्योगपतियों को उन उत्पादों का निर्माण शुरू कर देना चाहिए जो अब चीन में नहीं बनते हैं।

राणे ने कहा, उत्पादन के मामले में चीन दुनिया में पहले नंबर पर है। वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में चीन 64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है। हालांकि, कई कंपनियां (उस देश में) बंद हो रही हैं। उन्होंने कहा, मैं बड़े और मझोले उद्योगपतियों से इस अवसर का लाभ उठाने और भारत में इन उत्पादों का निर्माण शुरू करने का आग्रह करता हूं। मंत्री ने कहा, हमें इन उत्पादों का विपणन और निर्यात भी करना चाहिए।